# आनंदालय
## सामयिक परीक्षा-2
## कक्षा : नौवीं

विषय : हिंदी'ब'(085) — अधिकतम अंक : 80

दिनांक: 18-09-2025 — निर्धारित समय : 3 घंटे

सामान्य निर्देश:

(1) प्रश्न पत्र चार खण्डों में विभक्त है : 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'

(2) दिए गए निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(3) चारों खंड में कुल 16 प्रश्न दिए गए हैं ।

(4) यथासंभव चारों खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।

(5) वस्तुपरक प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है ।

**खंड- 'क'**

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-

कार्य करने की क्षमता को योग्यता कहते हैं । यह सभी जीवों में किसी न किसी रूप में अवश्य विद्यमान रहती है । यही व्यक्ति की कार्य क्षमता की प्रमाण होती है । विविध शैक्षिक संसाधनों के माध्यम से इसे अर्जित और विस्तारित किया जा सकता है । सामाजिक उत्थान और देश की प्रगति के लिए योग्य एवं ईमानदार नागरिकों की आवश्यकता होती है। इस हेतु उत्कृष्ट शैक्षिक योजना का क्रियान्वयन आवश्यक है । शिक्षा व्यक्ति में गुणवत्ता का आकलन कर योग्यता को निर्धारित करती है। पारिवारिक पृष्ठभूमि उसे मजबूत आधार प्रदान करती है । बच्चों में इसके प्रकटीकरण का आभास सर्वप्रथम माता-पिता को होता है । वही उसकी योग्यता को परख कर तद्नुरूप उत्तरदायित्व सौंपने के लिए उत्तरदाई होते हैं । इससे कार्य के प्रति निष्ठा जागृत होती है और कार्य सिद्धि अवश्यंभावी हो जाती है अन्यथा असफल होने पर जीवन में अवसाद का प्रवेश होता है, जिससे होने वाली सामाजिक एवं राष्ट्रीय क्षति का अनुमान भी नहीं लगाया जा सकता । महाराज दशरथ और रानी कैकेयी इसके उत्कृष्ट उदाहरण हैं । जहाँ महाराज दशरथ राम को अवध का राज्य देना चाहते हैं, कैकेयी राम एवं भरत दोनों की योग्यताओं को पहचानती है । उन्हें सम्यक ज्ञान था कि भारत में भी अयोध्या का राज्य सँभालने की योग्यता है, किंतु राम अधर्मी राक्षसों का संहार कर संपूर्ण जगत का मंगल कर सकते हैं । इसलिए दुनिया में होने वाली अपकीर्ति की परवाह न करके भी भरत के लिए अवध का राज्य तथा राम के लिए वनवास की याचना की।

अतः संतान को जन्म देना ही माता-पिता का कर्तव्य नहीं है। योग्य नागरिक बनाकर योग्यतानुसार राष्ट्र-निर्माण में नियोजित करना उससे बड़ा दायित्व है ।

(i) व्यक्ति की कार्य क्षमता का प्रमाण होता है - (1)

(क) शक्ति (ख) योग्यता (ग) शिक्षा (घ) कौशल

(ii) शैक्षिक योजना की आवश्यकता क्यों होती है ? (1)

(क) संसाधनों के विकास हेतु (ख) शिक्षा के प्रसार हेतु

(ग) व्यक्तित्व निर्माण हेतु (घ) योग्यता निर्धारण हेतु

(iii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए :- (1)

कथन – कैकेयी महाराज दशरथ से अधिक बुद्धिमान थी ।

कारण – वह राम और भरत की योग्यताओं को अच्छी तरह जानती थी ।

(क) कथन सही है लेकिन कारण गलत है ।

(ख) कथन और कारण दोनों सही है ।

(ग) कथन गलत है और कारण सही है ।

(घ) कथन और कारण दोनों गलत है ।

(iv) देश की प्रगति के लिए योग्य एवं ईमानदार नागरिकों की आवश्यकता क्यों है? (2)

(v) महाराजा दशरथ और रानी कैकेयी के उदाहरण से आप क्या समझते हैं ? (2)

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-

भारतीय संस्कृति, जीवनशैली और खान-पान में मोटे अनाजों (मिलेट्स) का विशेष स्थान रहा है| ये विशिष्ट अनाज हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होने के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी अच्छे होते हैं क्योंकि कम पानी और संसाधनों के बीच ये विकसित हो जाते हैं | यह हमारे लिए गौरव की बात है कि सरकार के सुझाव पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में घोषित किया | जिसका उद्देश्य मोटे अनाजों को लेकर जागरूकता फैलाना और इनके उत्पादन और सेवन को बढ़ावा देना है |

आमजन के बीच मोटे अनाजों का सेवन पिछली कई शताब्दियों से प्रचलित हैं, परंतु इसके पोषकीय और औषधीय गुणों की जानकारी हाल में ही हुए जैव-रासायनिक अनुसंधानों और चिकित्सा संबंधी अध्ययनों से सामने आई है | आधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न होने वाले रोगों के संदर्भ में मोटे अनाजों के अनेक स्वास्थ्य लाभों को दुनिया ने जाना-पहचाना और सराहा है | मोटे अनाजों में गेहूँ और धान की अपेक्षा प्रोटीन और संतुलित अमीनो अम्ल अधिक पाया जाता है | इस तरह से ये मोटे अनाज बाकि अनाजों से पोषण के मामले में श्रेष्ठ होते हैं | इसके अलावा, मोटे अनाज आहार संबंधी रेशों, गुणवत्तापूर्ण वसा और महत्वपूर्ण खनिज जैसे- कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम, आयरन, ज़ींक तथा बी-कॉम्प्लेक्स विटामिनों के समृद्ध स्रोत हैं | मोटे अनाजों में पोषण और स्वास्थ्य से जुड़े इतने फायदों के बावजूद वर्तमान समय में मानव आबादी इनका सेवन नहीं करती या बहुत कम लोग इसे अपने खाने की थाली में जगह देते हैं | यह एक विडम्बना है | मोटे अनाजों के सेवन में इस गिरावट से भारत में पोषण स्थिति में भारी कमी आई है |

(i) उपर्युक्त गद्यांश किस विषय वस्तु पर आधारित है? (1)

(क) कुपोषण की समस्या पर (ख) मोटे अनाज के महत्त्व पर

(ग) संतुलित आहार के महत्त्व पर (घ) स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओं पर

(ii) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए:- (1)

कथन : मोटे अनाज बाकि अनाजों से पोषण के मामले में श्रेष्ठ होते हैं |

कारण : मोटे अनाजों में अनेक पोषकीय और औषधीय खूबियाँ होती हैं|

विकल्प :-

(क) कथन गलत है, किन्तु कारण सही है |

(ख) कथन और कारण दोनों गलत है |

(ग) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या है |

(घ) कथन सही है किन्तु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है |

(iii) अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष का उद्देश्य है - उचित विकल्प का चयन करें- (1)

(1) मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देना |

(2) मोटे अनाज के प्रति जागरूकता फैलाना |

(3) मोटे अनाज को मुख्य फसल घोषित करना |

(4) मोटे अनाज की प्रतिष्ठा को क्षति पहुँचाना |

विकल्प :-

(क) कथन (1) और (2) सही है |

(ख) केवल कथन (3) सही है |

(ग) कथन (1) और (4) सही है |

(घ) कथन (1,2 और 4) सही है |

(iv) आज मोटे अनाज अपने किन गुणों के कारण लोकप्रिय हो रहे हैं ? (2)

(v) कुपोषण की समस्या के समाधान में मोटे अनाजों की क्या भूमिका हो सकती है ? (2)

## खंड- 'ख'

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (4X1=4)

(i) अनुस्वार युक्त शब्द का एक उदाहरण लिखिए ।

(ii) 'मयंक ने अपनी माँ से कुछ रुपये माँगे |' (वाक्य में से अनुनासिक युक्त शब्द छाँटिए)

(iii) 'अंकित ने कैदी को अपने हाँथों से ज़हर पिलाया |' (वाक्य में से नुक्ता युक्त शब्द छाँटिए)

(iv) 'माँ अपनी संतान को स्नेह करती है ।' (वाक्य में से अनुस्वार युक्त शब्द छाँटिए)

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (4X1=4)

(i) 'दुर्दिन' शब्द में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग कर लिखिए ।

(ii) 'आलू' प्रत्यय से एक शब्द बनाइए ।

(iii) ज्ञान + उपदेश (संधि करते हुए भेद लिखिए)

(iv) पर्यावरण (संधि विच्छेद करते हुए भेद लिखिए)

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (4X1=4)

(i) उसने अपने बालक को बचाने के कई प्रयास किए किन्तु सफल न हो सका ।
(वाक्य लिखकर उचित स्थान पर विराम चिह्न लगाएँ और भेद लिखिए)

(ii) हे भगवान ! ऐसा कैसे हो गया । (वाक्य में कौन-सा विराम चिह्न लगा है ।

(iii) "रघुकुल रीत सदा चली आई। प्राण जाए पर वचन न जाई ।" (वाक्य में कौन-सा विराम चिह्न लगा है)

(iv) 'कृ० पृ० उ०' (कौन-सा विराम चिह्न लगा है)

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (4X1=4)

(i) शब्द और पद में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(ii) अर्थ के आधार पर वाक्य के आठ भेद होते हैं । उनमें से किन्हीं चार भेदों के नामोल्लेख कीजिए ।

(iii) 'संभवतः इस साल सिंगल ब्रिज का काम पूरा हो जाए।' वाक्य का भेद लिखिए ।

(iv) 'यदि अच्छे अंक आएँगे तो छात्रवृत्ति मिलेगी |' वाक्य का भेद बताइए ।

**खंड- 'ग'**

7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक सटीक विकल्प का चयन कीजिए - (5X1=5)

आज तुम्हारे आगमन के चतुर्थ दिवस पर यह प्रश्न बार-बार मन में घुमड़ रहा है- तुम कब जाओगे, अतिथि ? तुम जहाँ बैठे निस्संकोच सिगरेट का धुआँ फेंक रहे हो, उसके ठीक सामने एक कैलेंडर है । देख रहे हो ना ! इसकी तारीखें अपनी सीमा में नम्रता से फड़फड़ाती रहती हैं । विगत दो दिनों से मैं तुम्हें दिखाकर तारीखें बदल रहा हूँ । तुम जानते हो, अगर तुम्हें हिसाब लगाना आता है कि यह चौथा दिन है, तुम्हारे सतत आतिथ्य का चौथा भारी दिन ! पर तुम्हारे जाने की कोई संभावना प्रतीत नहीं होती । लाखों मील लंबी यात्रा करने के बाद वे दोनों एस्ट्रॉनॉट्स भी इतने समय चाँद पर नहीं रुके थे, जितने समय तुम एक छोटी-सी यात्रा कर मेरे घर आए हो । तुम अपने भारी चरण-कमलों की छाप मेरी ज़मीन पर अंकित कर चुके, तुमने एक अंतरंग निजी संबंध मुझसे स्थापित कर लिया, तुमने मेरी आर्थिक सीमाओं की बैंजनी चट्टान देख ली ; तुम मेरी काफ़ी मिट्टी खोद चुके। अब तुम लौट जाओ, अतिथि ! तुम्हारे जाने के लिए यह उच्च समय अर्थात हाईटाइम है । क्या तुम्हें तुम्हारी पृथ्वी नहीं पुकारती ?

(i) लेखक अंत में दुखी हो कर अतिथि से क्या कहता है ?

(क) और कितना परेशान करोगे (ख) कब तक ठहरोगे

(ग) कितनी बात करोगे (घ) उफ, तुम कब जाओगे, अतिथि

(ii) अतिथि कितने दिन तक लेखक के घर में रुका ?

(क) 1 (ख) 2 (ग) 3 (घ) 4

(iii) किसने लेखक की आर्थिक सीमाओं की बैंजनी चट्टान देख ली ?

(क) लेखक की पत्नी की माँ ने (ख) लेखक के दोस्तों ने

(ग) लेखक के ममेरे भाई ने (घ) अतिथि ने

(iv) "तुम मेरी काफ़ी <u>मिट्टी खोद चुके</u> ।" वाक्य में रखांकित का आशय है -

(क) घर में अशांति फैलाना (ख) घर में मिट्टी फैलाना

(ग) घर के रहस्य जानना (घ) घर की आर्थिक स्थिति का दोहन करना

(v) लाखों मील लंबी यात्रा करने के बाद वे दोनों ..........भी इतने समय चाँद पर नहीं रुके थे |

(उचित विकल्प से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए)

(क) चिकित्सक (ख) एस्ट्रॉनॉट्स (ग) वैज्ञानिक (घ) इंजिनियर

8. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक सटीक विकल्प का चयन कीजिए- (5X1=5)

रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाय ।
टूटे से फिर ना मिले, मिले गाँठ परि जाय ॥
रहिमन निज मन की बिथा, मन ही राखो गोय ।
सुनि अठिलैहैं लोग सब, बाँटि न लैहै कोय ॥
एकै साधे सब सधै, सब साधे सब जाय ।
रहिमन मूलहिं सींचिबो, फूलै फलै अघाय ॥

(i) रहीम ने प्रेम के बंधन को किसकी तरह कहा है ?

(क) तार (ख) धागे (ग) डोरी (घ) सूत

(ii) रहीम दूसरों से क्या छुपा कर रखने को कहते है ?

(क) दुःख (ख) धागा (ग) मजाक (घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) रहीम ने एक समय में कितने काम करने को कहा है ?

(क) चार (ख) दो (ग) एक (घ) तीन

(iv) 'एकै साधे सब सधै, सब साधे सब जाय ।' पंक्ति में अलकार है -

(क) भ्रांतिमान (ख) अनुप्रास (ग) पुनरुक्ति प्रकाश (घ) यमक

(v) रहीम जी अपने मन के दुख को प्रकट करने से क्यों मना कर रहे हैं ?

(क) क्योंकि लोग दूसरों को बता देंगे

(ख) क्योंकि लोग आपका मजाक उड़ाएँगे

(ग) क्योंकि लोग आपके दुख को समझेंगे नहीं

(घ) क्योंकि लोग आपके दुख को बढ़ा देंगे

9. निम्नलिखित चार में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (3x2=6)

(i) खरबूजे बेचने आई महिला फफक-फफककर क्यों रोए जा रही थी ?

(ii) साउथ कोल पहुँचते ही लेखिका तैयारियों में क्यों जुट गई और उसकी चिंता का कारण क्या था ?

(iii) रामन् को 'रामन् रिसर्च इंस्टीट्यूट' की स्थापना की प्रेरणा कहाँ से मिली ? इसकी स्थापना का उद्देश्य क्या था ?

(iv) तुम कब जाओगे, अतिथि' पाठ की प्रासंगिकता आधुनिक संदर्भ में स्पष्ट कीजिए ।

10. निम्नलिखित चार में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए– (3x2=6)

(i) प्रकृति अपने विभिन्न क्रिया-कलापों से मनुष्य को प्रभावित करती है । 'गीत-अगीत' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ii) रहीम ने अपने दोहों में छोटी वस्तुओं का महत्त्व प्रतिपादित किया है । इसे सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

(iii) रैदास द्वारा रचित 'अब कैसे छूटे राम नाम रट लागी' पद का प्रतिपाद्य लिखिए ।

(iv) प्रेमी और उसकी राधा के माध्यम से गीत-अगीत की स्थिति को स्पष्ट कीजिए ।

11. निम्नलिखित तीन में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए- (2x3=6)

(i) लेखिका ने कैसे जाना कि गिल्लू उसकी अनुपस्थिति में दुखी था ?

(ii) लेखक ने किस तरह अत्यंत सूझ-बूझ से अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह किया ? 'स्मृति' पाठ के आलोक में स्पष्ट कीजिए । इससे आपको क्या सीख मिलती है ?

(iii) कुएँ से चिट्ठियाँ निकालने में लेखक के छोटे भाई का कितना योगदान था ? इससे लेखक के चरित्र में किन-किन जीवन मूल्यों की झलक मिलती है ?

## <u>खंड- 'घ'</u>

12. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100-120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (5)

(क) आज की आवश्यकता-संयुक्त परिवार

संकेत बिंदु -

- एकल परिवार का बढ़ता चलन
- एकल परिवार और वर्तमान समाज
- संयुक्त परिवार की आवश्यकता
- बुजुर्गों की देखभाल
- एकाकीपन को जगह नहीं।
- निष्कर्ष

(ख) बच्चों की शिक्षा में माता-पिता की भूमिका

संकेत बिंदु -

- शिक्षा और माता-पिता
- शिक्षा की महत्ता
- उत्तरदायित्व
- शिक्षाविहीन नर पशु समान।
- उपसंहार

(ग) सबसे प्यारा देश हमारा

संकेत बिंदु-

- भौगोलिक स्थिति
- प्राकृतिक सौंदर्य
- विविधता में एकता की भावना
- अत्यंत प्राचीन संस्कृति।
- निष्कर्ष

13. (क) 'गोकुल धाम' सोसाइटी के मुख्य सीवर की मरम्मत हेतु सोसाइटी के अध्यक्ष को लगभग 100 शब्दों में ई-मेल लिखिए । (5)

**अथवा**

(ख) 'संगति का फल' शीर्षक पर लगभग 100-120 शब्दो में एक लघुकथा लिखिए ।

14. (क) आप अर्वाचीन सीनियर सेकेंड्री स्कूल, मयूर विहार, दिल्ली के दसवीं कक्षा के छात्र अभिषेक हैं । इस विद्यालय की महँगी फीस के कारण यहाँ गरीब बच्चे प्रवेश नहीं ले पाते हैं । गरीब बच्चों को प्रवेश देने का अनुरोध करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या को लगभग 100 शब्दों में प्रार्थना-पत्र लिखिए । (5)

**अथवा**

(ख) अपनी अनुजा (छोटी बहन) को पत्र लिखकर योगासन करने से होने वाले लाभों को बताते हुए लगभग 100 शब्दों में प्रेरणादायी पत्र लिखिए ।

15. (क) आप अश्वमेध अपार्टमेंट, टैगोर गार्डन आणंद के सचिव हैं । गांधी जयंती के शुभ अवसर पर अपार्टमेंट के सदस्यों ने चिकित्सकों की देखरेख में रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। इच्छुक व्यक्ति रक्तदान हेतु सादर आमंत्रित हैं । इस संबंध में लगभग 60-70 शब्दों में सारगर्भित सूचना आलेख तैयार कीजिए । (4)

**अथवा**

(ख) 'ज्योति आई, केयर फाउंडेशन' आपकी कॉलोनी में एक कैंप लगाना चाहती है, जिसमें 50 साल से अधिक उम्र वाले स्त्री-पुरुषों की आँख संबंधी बीमारियों का निःशुल्क इलाज किया जाएगा। इस कैंप में साठ साल से अधिक आयु के लोगों को चश्मा मुफ़्त दिया जाएगा। कॉलोनी के सचिव की तरफ से एक सूचना आलेख तैयार कीजिए।

16. (क) 'दिल्ली सरकार के पर्यटन निगम ' पर्यटकों की संख्या बढ़ाना चाहता है । उसके लिए 50-60 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । (3)

**अथवा**

(ख) 'स्वादिष्ट' अचार बनाने वाली कंपनी के लिए एक 50-60 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । ।